December 2025-February 2026, Edition -1 Vol-03

# TJCM Govt. College SujanpurTihra

## Arjikuja Cascade

December 2025-February 2026





Trimonthly E-Newsletter of TJCM Govt. College SujanpurTihra,H.P.



# Message of Principal

It gives me immense pleasure to present this edition of our College E-Newsletter, a reflection of the vibrant academic, cultural, and creative life of our institution. My heartfelt appreciation to all the students, faculty members, coordinators, and supporting staff who have contributed to the successful organization of various activities. This magazine is not merely a collection of pages; it is a celebration of ideas, achievements, and the collective spirit that defines our college community.

Our students continue to inspire us with their curiosity, resilience, and commitment to excellence. Alongside academics, their active participation in research, sports, cultural activities, and community service demonstrates a balanced approach to education—one that prepares them not only for successful careers but also for responsible citizenship.

I take this opportunity to commend the efforts of the editorial team, faculty members, and students whose dedication and hard work have made this publication possible. Their collaboration and creativity are evident in every contribution.

As we move forward in an ever-changing world, let us remain guided by the values of integrity, innovation, and inclusivity. I am confident that our college will continue to scale new heights and that our students will carry the institution’s legacy with pride wherever they go.

I wish the readers an enriching experience and extend my best wishes to all for continued success in their academic and personal pursuits.

**Jai Hind**

Dr. VibhaThakur









**Prof Rajeev Thakur honoured with State Award by HP State Election Commission**



**Cadet RuchiThakur Participated Republic Day Parade 2026 at New Delhi. Proud Moments For GDC Sujanpur**




Thakur Jagdev Chand Memorial
GOVT. DEGREE COLLEGE
SUJANPUR TIHRA
Distt. Hamirpur (H.P.)


NATIONAL SERVICE SCHEME
राष्ट्रीय सेवा योजना
NOT ME
BUT YOU
NATIONAL SERVICE SCHEME


NATIONAL SERVICE SCHEME
NOT ME
BUT YOU
राष्ट्रीय सेवा योजना


NATIONAL SERVICE SCHEME






**NSS Seven Days Camp w.e.f 26 Dec 2025. To 01 Jan 2026**











प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम में प्रोफेसर राजीव ठाकुर और डॉ अरविंद पुरी ने सहभागिता की। दिसंबर 2025








INDIA




NEVER









**The Red Ribbon Club organized several impactful activities to promote health awareness and social responsibility. An wareness rally was conducted to educate students about HIV/AIDS prevention and the importance of voluntary blood donation. Poster-making and slogan-writing competitions encouraged awareness among students.**












Annual Athletic Meet 01 /12/2025















Eco Club of the college organised a lecture: Dr Nitesh Kumar, Assistant Professor in Botany, Himachal Pradesh University Shimla delivered a lecture on relevance of the herbal plants in our life on 11 Feb 2026

सुजानपुर कॉलेज में साइबर सिक्योरिटी पर व्याख्यानविशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को दी डिजिटल सुरक्षा की जानकारी। 20/02/2026








Anti-Chitta Campaign
Police Ground Hamirpur
16 December 2025










The CSCA Cultural Function at our college was a vibrant celebration of creativity and unity celebrated on 31 December 2025. The event showcased diverse talents through dance, music, drama, and art performances. Students enthusiastically participated, reflecting rich cultural traditions and modern themes. The highlight of the function was the group dance and a short play emphasizing social awareness. The chief guest Honorable MLA ShRanjeev Singh Ji graced the occasion and blessed the students.

















**College Road Safety Week was observed from 2–10 December 2025 with great enthusiasm and active participation from students and staff. The programme aimed to promote awareness about traffic rules, safe driving practices, and pedestrian safety through activities such as declamation, painting, poster making ,nukkadnatak and quiz.**











Mathematics Day was celebrated on 22Dec 2025 with great enthusiasm to honor the birth anniversary of SrinivasaRamanujan. Various activities such as Poster making and Rangoli competition were organized. A Motivational Movie was also played to encourage students' interest in the subject.

**सुजानपुर टीहरा महाविद्यालय में जागरूकता शिविर आयोजित राष्ट्रीय टास्क फोर्स के तहत मानसिक स्वास्थ्य पर दिया गया मार्गदर्शनध्यान अभ्यास से विद्यार्थियों को तनावमुक्त जीवन कासंदेश 20/02/2026**





A Memorandum of Understanding (MoU) was signed between TJCM Govt College SujanpurTihra and GSSS Jai Singhpur to promote academic excellence and collaborative learning. The agreement aims to strengthen cooperation through student exchange programs, joint workshops, teacher training sessions, and shared extracurricular activities. 11 February 2026







Enabling unit of TJCM college SujanpurTihra has organised Disability Day on dated 22/12/2026. Enabling unit of TJCM college SujanpurTihra has organised Disability Day on dated 22/12/2026



**सुजानपुर महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव का आयोजन:**
**विधायक कैप्टन रंजीत सिंह जीने की शिरकत।**
**मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित**






e Distribution






Distribution Function


Function


Prize Distribution




Distribution
DJ


Prize Distribution
DJ


Prize Distribution
UNITY & DIS



राष्ट्रीय सेवा योजना सुजानपुर इकाई के द्वारा महाविद्यालय के कॉमर्स ब्लॉक में स्वच्छता हेतु विशेष कैंप का आयोजन किया गया। 20/02/2026



संगीत विभाग के विद्यार्थी सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी करते हुए।



महाविद्यालय के कैरियर परामर्श एवं मार्गदर्शन प्रकोष्ठके माध्यम से श्री साईं यूनिवर्सिटी पालमपुर के सौजन्य से आपदा प्रबंधन पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 28/02/2026

# सुजानपुर कालेज के एनएसएस स्वयंसेवियों ने कई गतिविधियों में लिया भाग




- 26 दिसंबर से एक जनवरी तक आयोजित किया एनएसएस इकाई का शिविर

सवेरा न्यूज/गौरव जैन

सुजानपुर, 2 जनवरी : राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय आवासीय वर्ग का समापन हर्षोल्लास के साथ हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ विभा ठाकुर ने इस समापन अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्र म अधिकारी एवं सात दिवसीय आवासीय वर्ग में सम्मिलित होने वाले छात्रों को शुभकामनाएं दी और राष्ट्रीय सेवा योजना के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्य अतिथि ने इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के वास्तविक लक्ष्य को छात्रों के समक्ष रखा और अपने अनुभव सांझा किये। उन्होंने कहा कि किसी भी गरिमामय पद तक पहुंचने के लिए अथक परिश्रम की आवश्यकता होती है। जो छात्र महाविद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने के समय लापरवाही करते है और बुरी संगति के कारण शिक्षा ग्रहण नहीं कर पाते वे जीवन में अपने लक्ष्य से भटककर आजीवन दुखों का सामना करते हैं। परंतु जो छात्र लग्न के साथ एवं गुरु जनों के आदेशानुसार शिक्षा में कार्यरत रहते है निश्चित रूप से वे अपने लक्ष्य तक पहुंचकर समाज, महाविद्यालय एवं माता पिता का नाम रोशन करते हैं। उन्होंने छात्रों को नशे से दूर रहने तथा जीवन में अनुशासन बनाए रखने हेतु आह्वान किया। कार्यक्र म अधिकारी प्रो निर्मला ने सात दिवसीय कैंप का ब्यौरा सभी के समक्ष रखा जिसमें पहले दिन महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान मनाया गया। दुसरे दिन जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से आई टीम ने राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया और साथ में उसी दिन रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया जिसमें इकाई के छात्रों ने रक्तदान किया। तीसरे दिन छात्रों ने टीहरा गांव को गोद लिया जिसके अंतर्गत प्रसिद्ध स्थल श्री कृष्ण धाम में साफ सफाई कर चारों ओर के क्षेत्र को सुरक्षित और स्वच्छ किया। चौथे दिन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के छात्रों ने सुजानपुर चौगान में स्वच्छता कैंप का आयोजन किया और नागरिक अस्पताल सुजानपुर के चारों ओर के क्षेत्र से कूड़ा कर्कट साफ किया। उसके उपरांत ऐतिहासिक स्थल नर्मदेश्वर मंदिर में छात्रों द्वारा सफाई अभियान किया गया। छठे दिन महाविद्यालय में केंद्रीय छात्र संगठन द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्र म का आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के इकाई के छात्रों ने सहभागिता की और विभिन्न प्रकार की सभी कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# सुजानपुर टीहरा कॉलेज के कैडेट्स बिलासपुर में एनसीसी 'बी' प्रमाणपत्र परीक्षा में लेंगे भाग



**सवेरा न्यूज/गौरव जैन,** सुजानपुर, 7 फरवरी : राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा के 16 एनसीसी कैडेट्स एनसीसी 'बी' प्रमाणपत्र परीक्षा में भाग लेने बिलासपुर प्रस्थान करेंगे। यह परीक्षा 1 एचपी नेवल यूनिट, बिलासपुर के अंतर्गत राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर में आयोजित की जा रही है और इसका शुभारंभ प्रातः 8:30 बजे होगा। एनसीसी 'बी' प्रमाणपत्र परीक्षा कैडेट्स के समग्र विकास का महत्वपूर्ण चरण मानी जाती है। परीक्षा में 350 अंकों की लिखित परीक्षा शामिल होगी, जिसमें एनसीसी विषय, सामान्य ज्ञान, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और नागरिक कर्तव्यों से जुड़े प्रश्न होंगे। इसके अतिरिक्त 150 अंकों की प्रायोगिक परीक्षा में सेमाफोर, सीमैनशिप और ड्रिल का मूल्यांकन किया जाएगा, जिससे कैडेट्स के व्यावहारिक ज्ञान, समन्वय एवं प्रशिक्षण स्तर का आकलन होगा। परीक्षा से पूर्व महाविद्यालय में मार्गदर्शन सत्र का आयोजन किया गया। प्राचार्या प्रो. विभा ठाकुर, उप-प्राचार्य प्रो. जितेंद्र ठाकुर एवं एएनओ राजेश खरवाल ने कैडेट्स को अनुशासन, नियमित अभ्यास और आत्मविश्वास बनाए रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि यह परीक्षा नेतृत्व विकास और भविष्य के अवसरों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। शिक्षकगण प्रो. प्रमोज, सुमन, सपना ठाकुर, दिव्या ठाकुर, राजीव, वंदना, उमा, अरविंद, साहिल और प्रो. मतिुल ने भी कैडेट्स को तैयारी संबंधी सुझाव दिए और उनका उत्साह बढ़ाया।

दैनिक सवेरा टाइम्स
हमीरपुर
8
शिमला, मंगलवार, 2 दिसम्बर 2025
www.dainiksaveratimes.com

# महाविद्यालय सुजानपुर में एथलेटिक मीट



**सवेरा न्यूज/गौरव जैन,** सुजानपुर, 1 दिसंबर : राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर में सोमवार को एक दिवसीय एथलेटिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य विभा ठाकुर द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि महाविद्यालय सुजानपुर की यह 24वीं एक दिवसीय एथलेटिक प्रतियोगिता है। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल को खेल भावना से खेलने वाला ही एक बेहतरीन खिलाड़ी बनता है। इस प्रतियोगिता में जो छात्र विजेता होंगे, उन्हें महाविद्यालय के वार्षिक कार्यक्र म में सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर महाविद्यालय के डीपी शारीरिक शिक्षक संदीप शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में सभी खेलों का आयोजन होगा । इस अवसर पर प्रवक्ता जितेंद्र ठाकुर प्रमोज शर्मा सहित स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# अंतर महाविद्यालय लोकगीत व रंगोली स्पर्धा में सुजानपुर कॉलेज की छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन



सवेरा न्यूज/गौरव जैन

सुजानपुर, 6 दिसंबर : स्थानीय राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय में छात्रा राशि व रुचिका का भव्य स्वागत किया गया। राजकीय महाविद्यालय धुरल में आयोजित अंतर महाविद्यालय लोकगीत प्रतियोगिता तथा रंगोली प्रतियोगिता में महाविद्यालय की इन छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पुरस्कार प्राप्त किया है। बीए तृतीय वर्ष की छात्रा राशि शर्मा ने हिमाचली लोकगीत प्रतियोगिता में द्वितीय पुरस्कार एवं रंगोली प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा रुचिका ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया है। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. विभा ठाकुर ने छात्राओं की इस विशिष्ट उपलब्धि के लिए संगीत विभाग की आचार्या डॉ. उमा को शुभकामनाएं देते हुए विजेता छात्राओं को आशीर्वाद दिया। इस मौके पर प्राचार्या सहित डॉ. सुमन, डॉ. सपना, प्रो. अरविंद तथा डॉ. उमा उपस्थित रहीं।

# NCC, NSS और रेड रिबन क्लब के सहयोग से महाविद्यालय में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित

बात हिमाचल की, सुजानपुर, बिंदिया ठाकुर। राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय, सुजानपुर टीहरा में राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC), राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना तथा मानव सेवा की भावना को सुदृढ़ करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. विभा ठाकुर द्वारा किया गया। इस अवसर पर उप-प्राचार्य जितेंद्र सहित भौतिकी विभाग से प्रो. अरविंद, वनस्पति विज्ञान विभाग से प्रो. अरविंद, कंप्यूटर विभाग से प्रो. अरविंद, गणित विभाग से प्रो. दिव्या एवं प्रो. राजीव भंडारी, संगीत विभाग से प्रो. उमा, संस्कृत विभाग से प्रो. शशि, तथा अंग्रेज़ी विभाग से प्रो. बंधना मम एवं प्रो. उमा मैम उपस्थित रहीं। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय के अन्य शिक्षक एवं गैर-शिक्षक कर्मचारी भी कार्यक्रम में मौजूद




शिविर में एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस स्वयंसेवकों तथा अन्य विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कुल 52 यूनिट रक्त स्वेच्छा से दान किया। रक्त संग्रहण की प्रक्रिया सरकारी अस्पताल हमीरपुर एवं डॉ. राधाकृष्णन अस्पताल, हमीरपुर की विशेषज्ञ चिकित्सकीय टीम द्वारा सभी आवश्यक मानकों एवं सावधानियों के साथ संपन्न करवाई गई। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय प्रशासन ने सभी रक्तदाताओं, आयोजकों एवं चिकित्सा दल का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के जनहितकारी एवं सेवा भाव से परिपूर्ण कार्यक्रमों के आयोजन का संकल्प दोहराया।

## सुजानपुर महाविद्यालय में नशा निवारण कार्यक्रम




**सवेरा न्यूज/गौरव जैन , सुजानपुर :** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा में ड्रग एब्यूज कमेटी के द्वारा नशा निवारण हेतु एक कार्यक्र म आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सिविल अस्पताल के डॉ. पंकज ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। मुख्यातिथि ने अपने उद्बोधन में छात्रों को नशे से दूर रहने हेतु आग्रह किया। उन्होंने नशे के विभिन्न प्रकार, उनका उपयोग तथा उनसे होने वाले शारीरिक दुष्प्रभावों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। उन्होंने कहा कि आज का युवा कुसंगति के माध्यम से नशे की लत में लिप्त होता जा रहा है जिसका प्रभाव उस व्यक्ति विशेष पर तो होता ही है साथ में परिवार, समाज और पर्यावरण पर भी इसके दुष्प्रभाव देखने को मिलते हैं। मुख्य अतिथि ने कविता के माध्यम से भी छात्रों को नशे से दूर रहने हेतु जागरूक किया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के उपप्राचार्य डॉ जितेंद्र कुमार भनवाल ने डॉ पंकज का इस महत्वपूर्ण विषय को रखने के लिए तथा छात्रों को अवगत कराने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि यदि महाविद्यालय परिसर में किसी भी छात्र को यदि नशे से संबंधी कोई प्रक्रिया दिखती है तो वे गोपनीय तरीके से नशा करने वाले छात्रों के नाम महाविद्यालय प्रशासन को दें, जिससे महाविद्यालय प्रशासन उन छात्रों पर उचित कार्रवाई कर सके। इस अवसर पर प्रो. राजीव ठाकुर, ड्रग एब्यूज के कार्यक्र म अधिकारी प्रो. शशि शर्मा तथा प्रो. निर्मला तथा एनएसएस यूनिट व अन्य छात्र भी उपस्थित रहे।

दैनिक सवेरा टाइम्स
हमीरपुर
6 शिमला, वीरवार, 1 जनवरी 2026
www.dainiksaveratimes.com

## हिमाचल को नशा मुक्त बनाने के लिए शिक्षण संस्थानों में प्रतिदिन दिलाई जाए शपथ : कै. रंजीत सिंह



**सवेरा न्यूज/गौरव जैन, सुजानपुर :** स्थानीय राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय के केंद्रीय छात्र संघ कार्यक्रम में बुधवार को विधायक कैप्टन रंजीत सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से सभी शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को प्रतिदिन नशा मुक्ति की शपथ दिलाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखना समाज और प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम से पूर्व महाविद्यालय पहुंचने पर प्राचार्य डॉ. बिभा ठाकुर, उप प्राचार्य डॉ. जितेंद्र ठाकुर सहित स्टाफ सदस्यों ने विधायक का गर्मजोशी से स्वागत किया। दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। विधायक ने सीएससीए कमेटी के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, संयुक्त सचिव और सचिव को बैज लगाकर सम्मानित किया तथा उन्हें शुभकामनाएं दीं। महाविद्यालय प्रशासन की ओर से मुख्य अतिथि को सम्मानित किया गया। विधायक ने कहा कि राज्य सरकार ने सुजानपुर महाविद्यालय के लिए लगभग साढ़े दो करोड़ रुपए का बजट जारी किया है, जिससे दोनों भवनों का विकास कार्य होगा। उन्होंने कहा कि यहां प्रवक्ताओं के पद भरे गए हैं, एमए कक्षाएं प्रारंभ हो चुकी हैं, इग्नू केंद्र मिला है और आगामी सत्र में पीजीडीसीए कक्षाएं भी शुरू होंगी। इस अवसर पर आरडी परेड के लिए चयनित छात्रा को विधायक ने 5,000 की प्रोत्साहन राशि दी तथा कक्कड़ क्षेत्र के रोहित को एचएएस परीक्षा उत्तीर्ण करने पर बधाई दी। कार्यक्रम में कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सुजानपुर कॉलेज में सड़क सुरक्षा जागरूकता पर कार्यक्रम



सवेरा न्यूज/गौरव जैन

सुजानपुर, 4 दिसंबर : राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा में रोड सेफ्टी क्लब द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता हेतु एक व्यापक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. विभा ठाकुर ने की।

मुख्यातिथि द्वारा छात्रों को वाहन तीव्र गति से न चलाने और यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया गया। जागरूकता अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें नारा-लेखन, प्रश्नोत्तरी, पोस्टर मेकिंग, तथा निबंध लेखन प्रतियोगिताएं शामिल थीं। कार्यक्रम में प्राचार्या डॉ. विभा ठाकुर, रोड सेफ्टी क्लब के कार्यक्रम अधिकारी लेफ्टिनेंट राजेश खरवाल, डॉ. सुमन सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# मतदाता जागरूकता में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रो. राजीव ठाकुर को मिला राज्य स्तरीय पुरस्कार

सवेरा न्यूज/गौरव जैन



प्रो. राजीव ठाकुर

सुजानपुर, 22 जनवरी : विस क्षेत्र के स्वीप नोडल अधिकारी प्रो. राजीव ठाकुर को हिमाचल प्रदेश राज्य चुनाव आयोग द्वारा मतदाता पंजीकरण एवं मतदाता जागरूकता के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए राज्य स्तरीय प्रथम पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। प्रो. ठाकुर वर्तमान में राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर में सेवाएं दे रहे हैं और विधानसभा क्षेत्र संख्या 37 में स्वीप कार्यक्रम को जन-जन तक पहुंचाने में उन्होंने अहम भूमिका निभाई है। प्रो. राजीव ठाकुर ने स्वीप के अंतर्गत विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, मतदान केंद्रों एवं सार्वजनिक स्थानों पर स्वयं जाकर युवाओं और आम नागरिकों को मतदाता जागरूकता के लिए प्रेरित किया। उनके इन प्रयासों को प्रदेश स्तर पर अत्यंत सराहनीय माना गया है, जिसके फलस्वरूप उन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर शिमला के गेयटी थिएटर में आयोजित समारोह में उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

# डिजिटल कौशल से सुधरेगा छात्रों का भविष्य



# आरडी परेड से लौटी रुचि ठाकुर का सुजानपुर कॉलेज में भव्य सम्मान



**सवेरा न्यूज/गौरव जैन,** सुजानपुर, 9 फरवरी : दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस की आरडी परेड में भाग लेकर लौटी स्थानीय महाविद्यालय की होनहार छात्रा रुचि ठाकुर का सोमवार को महाविद्यालय परिसर में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधायक कैप्टन रंजीत सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने एक साधारण व्यक्ति की तरह बेटी का स्वागत कर सभी का दिल जीत लिया। विधायक ने रुचि ठाकुर को इस असाधारण उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि आरडी परेड तक पहुंचना आसान नहीं होता, यह पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि यह सफलता रुचि की कड़ी मेहनत, अनुशासन, शिक्षकों के मार्गदर्शन और परिवार के सहयोग का परिणाम है। इस अवसर पर विधायक ने रुचि ठाकुर को सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी रुचि को 5000 रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा चुकी है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. विभा ठाकुर, उप-प्राचार्य जितेंद्र ठाकुर, अन्य स्टाफ सदस्य, छात्र-छात्राएं, रुचि के परिजन एवं स्थानीय लोग इस कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे। यह उपलब्धि क्षेत्र की अन्य बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।

# सुजानपुर कॉलेज की छात्रा ने चमकाया नाम

सवेरा न्यूज/गौरव जैन



सुजानपुर, 5 जनवरी : राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा के लिए यह अत्यंत गर्व और सम्मान का विषय है कि कॉलेज की मेधावी एनसीसी कैडेट रुचि ठाकुर का चयन देश के सर्वोच्च एवं प्रतिष्ठित रिपब्लिक डे कैंप (आरडीसी) 2026, नई दिल्ली के लिए हुआ है। रुचि ठाकुर 1 एचपी एनसीसी यूनिट, बिलासपुर (डायरेक्टरेट पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश एवं चंडीगढ़) से संबंधित हैं। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. विभा ठाकुर ने रुचि ठाकुर को हार्दिक बधाई देते हुए इसे पूरे संस्थान के लिए प्रेरणास्रोत बताया। उप-प्राचार्य जितेंद्र ठाकुर ने भी कैडेट को निरंतर प्रोत्साहित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसके साथ ही एएनओ प्रो. राजेश खारवाल ने भी रुचि को लगातार मार्गदर्शन एवं प्रेरणा प्रदान की। एनसीसी यूनिट की ओर से कमांडर साजन कुमार, सीओ (कमांडिंग ऑफिसर) 1 एचपी एनसीसी यूनिट, बिलासपुर के नेतृत्व में यह चयन यूनिट के लिए भी अत्यंत गर्व का विषय है कि उनकी कैडेट का चयन रिपब्लिक डे कैंप के लिए हुआ है। प्रो. साहिल, मितुल कथा, अंजू, अरविंद (कंप्यूटर), अरविंद (बॉटनी) व प्रो. अरविंद (फिजिक्स) सहित समस्त प्राध्यापकों ने रुचि ठाकुर को बधाई दी।

## सुजानपुर के स्वीप नोडल अधिकारी प्रो. राजीव ठाकुर को राज्य स्तरीय प्रथम पुरस्कार



**सवेरा न्यूज/गौरव जैन**

सुजानपुर, 25 जनवरी : स्थानीय विधानसभा क्षेत्र के स्वीप नोडल अधिकारी प्रो. राजीव ठाकुर को हिमाचल प्रदेश राज्य चुनाव आयोग द्वारा मतदाता पंजीकरण और मतदाता जागरूकता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए राज्य स्तरीय प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। शिमला में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। यह सम्मान 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थिएटर में दिया गया। प्रो. राजीव ठाकुर ने स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में व्यापक स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। उन्होंने विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, मतदान केंद्रों और सार्वजनिक स्थानों पर स्वयं जाकर युवाओं एवं आम नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक किया। वर्तमान में वह राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय, सुजानपुर में तैनात हैं और विधानसभा क्षेत्र संख्या 37 के अंतर्गत उन्होंने इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाया। उनके समर्पित प्रयासों और प्रभावी कार्यशैली के कारण ही उनके कार्य को प्रदेश स्तर पर सराहा गया और उन्हें प्रथम पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद प्रो. राजीव ठाकुर ने इसे गर्व का विषय बताते हुए राज्य निर्वाचन आयोग का आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने अपने जागरूकता कार्यक्रमों में सहभागी बने सभी लोगों का भी धन्यवाद किया।

## सुजानपुर कॉलेज की छात्रा रुचि ठाकुर ने राज्यपाल से की शिष्टाचार भेंट, क्षेत्र में खुशी



**सवेरा न्यूज/गौरव जैन**

सुजानपुर, 7 फरवरी : स्थानीय उत्कृष्ट महाविद्यालय की होनहार छात्रा रुचि ठाकुर ने शिमला में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से शिष्टाचार भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने रुचि को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और निरंतर परिश्रम व अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

रुचि की इस उपलब्धि पर विधायक कैप्टन रंजीत सिंह ने भी उन्हें बधाई दी तथा प्रोत्साहन स्वरूप 5000 रुपए की राशि भेंट कर उनका मनोबल बढ़ाया। विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की बेटियां आज शिक्षा और प्रतिभा के बल पर हर मंच पर अपनी पहचान बना रही हैं, जो समाज के लिए गर्व की बात है। रुचि ठाकुर की इस उपलब्धि से महाविद्यालय सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. विभा ठाकुर, उप-प्राचार्य जितेंद्र ठाकुर तथा समस्त स्टाफ सदस्यों ने भी छात्रा को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## सुजानपुर महाविद्यालय में 'सेव अर्थ' विषय पर जागरूकता व्याख्यान



**सवेरा न्यूज/गौरव जैन,** सुजानपुर, 13 फरवरी : ठाकुर जगदेव चंद स्मारक राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर टिहरा में ईको क्लब के तत्वावधान में 'सेव अर्थ' विषय पर पर्यावरण संरक्षण को समर्पित जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना और प्रकृति संरक्षण के महत्व को समझाना था। मुख्य वक्ता के रूप में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग से डॉ. नितेश कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने औषधीय पौधों की उपयोगिता, उनके वैज्ञानिक व स्वास्थ्य संबंधी महत्व तथा पर्यावरण संतुलन में उनकी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को वृक्षारोपण, जैव विविधता संरक्षण और स्वच्छ-हरित वातावरण निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर स्लोगन लेखन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिनमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. विभा ठाकुर ने पर्यावरण संरक्षण को नैतिक दायित्व बताया। कार्यक्रम का संचालन ईको क्लब संयोजिका डॉ. सपना राणा ने किया। इसमें अन्य प्राध्यापक भी उपस्थित रहे।

## सुजानपुर कॉलेज में साइबर सिक्योरिटी विषय पर व्याख्यान



**सवेरा न्यूज/गौरव जैन सुजानपुर,** : राजकीय महाविद्यालय में शुक्रवार को कैरियर काउंसलिंग एवं गाइडेंस सेल के माध्यम से साइबर सिक्योरिटी विषय पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डॉ. विभा ठाकुर के संबोधन से हुआ। जीएनए यूनिवर्सिटी, फगवाड़ा से सह आचार्य डॉ. राजेश शर्मा ने विद्यार्थियों को साइबर क्राइम के प्रकार, ऑनलाइन ठगी से बचाव तथा डिजिटल सुरक्षा के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। उनके सहयोगी आर्यन और कुमार मोनू ने प्रायोगिक उदाहरणों के माध्यम से विषय को सरल बनाया। कार्यक्रम में उप प्राचार्य सहित समस्त प्राध्यापकगण और लगभग 400 विद्यार्थी उपस्थित रहे। इसी अवसर पर एक्सीलेंस टेक्नोलॉजी कंपनी, मोहाली के सहयोग से बीसीए और बीबीए के 90 विद्यार्थियों द्वारा पूर्ण किए गए 45 दिवसीय डाटा साइंस व डिजिटल मार्केटिंग कोर्स के प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

# सुजानपुर कॉलेज का वार्षिक समारोह कल

**सवेरा न्यूज/गौरव जैन,** सुजानपुर, 22 फरवरी : राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर सत्र 2025-26 का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन 24 फरवरी को किया जा रहा है जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक कैप्टन रंजीत सिंह रहेंगे। विधायक लगभग 400 शैक्षणिक, सह पाठ्यक्रम और खेलकूद में अव्वल रहे विद्यार्थियों को सम्मानित करेंगे, जिन्होंने महाविद्यालय, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर महाविद्यालय का नाम ऊंचा किया। यह जानकारी महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. विभा ठाकुर ने दी है।

# सुजानपुर कॉलेज के वार्षिकोत्सव में कै. रंजीत सिंह ने नवाजे मेधावी



**सवेरा न्यूज/गौरव जैन**

सुजानपुर, 24 फरवरी : स्थानीय महाविद्यालय के 23वें वार्षिक परितोषक वितरण समारोह में विधायक कैप्टन रंजीत सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। महाविद्यालय प्रशासन ने उनका पारंपरिक शॉल-टोपी और पौधा भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ, जिसके पश्चात प्रधानाचार्य ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर शैक्षणिक, सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों में संस्थान की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। अपने संबोधन में विधायक ने विद्यार्थियों को परिश्रम, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का संदेश देते हुए कहा कि महाविद्यालय के जीर्णोद्धार का कार्य शीघ्र आरंभ होगा और इसके लिए आवश्यक धनराशि विभाग को प्राप्त हो चुकी है।

उन्होंने बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने को प्राथमिकता बताया। विधायक ने घोषणा की कि आरडी परेड में भाग लेने वाली दोनों बेटियों को सुजानपुर होली मेले के शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खु द्वारा सम्मानित किया जाएगा। साथ ही गणित और अर्थशास्त्र के रिक्त पद शीघ्र भरने का आश्वासन भी दिया। कार्यक्र म के अंत में विधायक ने मेधावी विद्यार्थियों को वार्षिक पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सुजानपुर महाविद्यालय में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित

**सुजानपुर।** राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर में 23वां वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक कैप्टन रणजीत सिंह मुख्यअतिथि के रूप में शामिल हुए। मुख्यअतिथि के महाविद्यालय पहुंचने पर प्रशासन की ओर से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए महाविद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों की जानकारी दी। कैप्टन रणजीत सिंह ने विद्यार्थियों को परिश्रम, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का संदेश दिया। विधायक ने बताया कि आरडी परेड में भाग लेने वाली दोनों छात्राओं को सुजानपुर होली मेले के शुभारंभ अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

# सुजानपुर महाविद्यालय में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह संपन्न





**सुजानपुर, (आपका फैसला)।** सुजानपुर महाविद्यालय में 23वां वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक कै रंजीत राणा रहे। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ विभा ठाकुर ने मुख्य अतिथि व अन्य गणमान्यों का स्वागत करते हुए सत्र 2025.26 का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि को शाल, पहाड़ी टोपी और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान विधायक ने कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्र की नींव हैए इसलिए नशे से दूर रहकर लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में आगे बढ़ना आवश्यक है। उन्होंने सुजानपुर के चौगान में हॉकी ट्रैक और एथलेटिक्स सिंथेटिक ट्रैक तैयार करवाने की घोषणा की। साथ ही महाविद्यालय में रिक्त पद भरने और कॉमर्स व आर्ट्स ब्लॉक के निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करने का आश्वासन दिया। पुरस्कार वितरण में विश्वविद्यालय मेरिट में 7वां स्थान प्राप्त करने वाली सानवी जैनए एनसीसी कैडेट रुचि ठाकुर गणतंत्र दिवस परेड प्रतिभागी सहित विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेलकूद, एनएसएस, रॉवर.रेंजर, ईको क्लब, रक्तदान व अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

# सानवी और रुचि सहित चमके कई सितारे

## सुजानपुर टीहरा कालेज में सजा 23वां वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

निजी संवाददाता – सुजानपुर



राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय - सुजानपुर टीहरा में 23वां वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि विधायक कैप्टन रणजीत सिंह रहे। महाविद्यालय के प्राचार्या डा. विभा ठाकुर ने मुख्यातिथि तथा अन्य सभी गणमान्यों का स्वागत करते हुए इस कार्यक्रम में आने के लिए धन्यवाद किया और साथ में वर्ष सत्र 2025-26 का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में विश्विद्यालय स्तर पर मेरिट में 7वें स्थान पर रही सानवी जैन, एनसीसी की कैडेट रुचि ठाकुर गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होने तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर रहने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार दिया गया।

**धन्यवाद किया**

कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के उपप्राचार्य डा. जितेंद कुमार भनवाल ने मुख्यातिथि सहित उनकी सारी टीम, कर्मचारी वर्ग, अभिभावक संघ, पीटीए कमेटी, सीएससीप कमेटी तथा सभी छात्रों का कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद किया।



सुजानपुर: सुजानपुर टीहरा कालेज में सजे 23वें वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मौजूद कैप्टन रणजीत सिंह व अन्य



**Dr. VibhaThakur**
**Principal**
**cum Chief Editor**

# EDITORIAL BOARD



**Dr. JitenderThakur**
**Advisor Editorial Board**



**Prof. Rajeev Thakur**
**Editor Arjikuja Cascade**



**Dr. Arvind Kumar**
**Member Editorial Board**



**Dr. Uma Devi**
**Member Editorial Board**